**प्राचार्य का कार्यालय**
**श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय**
**मुजफ्फरपुर**

## कार्यालय आदेश

सभी विभागाध्यक्ष,
श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय,
मुजफ्फरपुर ।

विदित हो कि दिनांक – 24.09.2019 (मंगलवार) को इस चिकित्सा महाविद्यालय परिसर में माननीय मुख्यमंत्री, बिहार सरकार, माननीय उप मुख्यमंत्री, बिहार सरकार, माननीय स्वास्थ्य मंत्री, बिहार सरकार एवं अन्य गणमान्य माननीय मंत्रियों का शुभागमन हो रहा है, जिनके कर कमलो से, निर्माण होने वाले PICU का शिलान्यास एवं MCH भवन का शुभ उद्घाटन किया जाना है ।

अतएव आप सभी पदाधिकारियों को निदेश दिया जाता है कि आप सभी अपने – अपने विभागों को पूर्ण रूपेण साफ–सफाई एवं सुव्यस्थित रखेंगे । साथ ही स्वयं सहित अपने अधीनस्थ सभी पदाधिकारियों/कर्मचारियों को उक्त तिथि को ससमय वर्दी/एप्रन (Dress Code का अक्षरशः पालन करते हुए) में अपने – अपने कर्तव्य पर उपस्थित रहने हेतु निदेशित करेंगे । सभी पदाधिकारी/कर्मचारी माननीय मुख्यमंत्री के भाषण समारोह में भी शामिल रहेंगे तथा माननीय मुख्यमंत्री के प्रस्थान करने के पश्चात ही अपने ड्यूटी/महाविद्यालय परिसर से प्रस्थान करेंगे ।

ह0/–
प्राचार्य

ज्ञापांकः– 1914/19 दिनांकः– 23/9/19
प्रतिलिपिः–

1) अधीक्षक, श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

2) Estate Officer/पुस्तकालय सचिव/बरसर/ ओ0एस0डी0/लेखपाल/स्थापना शाखा/लेखा शाखा, श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

3) सभी चिकित्सक/शिक्षक एवं कर्मचारी (प्राचार्य कार्यालय सहित), श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

4) सफाई सुपरवाईजर (वाह्रय स्रोत), श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ प्रेषित करते हुए निदेश दिया जाता है कि संबंधित विभाग/कार्यालय /परिसर का सम्पूर्ण साफ–सफाई ससमय सुनिश्चित करेंगे ।

5) सुरक्षा गार्ड सुपरवाईजर (वाह्रय स्रोत), श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ प्रेषित करते हुए निदेश दिया जाता है कि सभी यथोचित स्थान/पोस्ट पर ससमय उपस्थिति सुनिश्चित करेंगे एवं मुस्तैद रहेंगे।

6) कॉलेज वेबसाईट ।

23/9/19

प्राचार्य
श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय
मुजफ्फरपुर